National Conference on Recent Trends in Engineering, Science, Humanities and Management (NCRTESHM – 2023)

29th January, 2023, West Bengal, India.

CERTIFICATE NO : NCRTESHM /2023/C0123183

# भारत में चलचित्रों और दूरदर्शन के विकास का अध्ययन

**THOMAS DAINTY VARGHESE**

Research Scholar, Department of Hindi,
Dr. A.P.J. Abdul Kalam University, Indore, M.P.

## सारांश

आजकल संचार के माध्यमों में सबसे सशक्त और लोकप्रिय माध्यम के रूप में चलचित्र और दूरदर्शन का अपना विशिष्ट स्थान है। इस माध्यम की कुछ विशेषताएँ भी ऐसी हैं, जिनके कारण यह साधन चमत्कारिक, कौतुहलवर्धक एवं अपने संचार–क्षेत्र में दिककाल की सीमाओं को पार कर गया है। यह माध्यम चित्र और शब्दों के माध्यम से ऐसी प्रयोजलमूलक भाषा का विकास कर रहा है, जो सामान्य जन के लिए सहज स्वीकृत है। फिल्म प्रत्येक वर्ग के लोगों के मनोरंजन का सर्वाधिक लिए लोकप्रिय साधन है। कोई भी फिल्म कला एवं शिल्प की लगभग संपूर्ण विधाओं के कुशल समायोजन से ही निर्मित होती है। एक फिल्म के निर्माण में सैंकड़ों लोगों, करोड़ों की संपत्ति तथा अपार तकनीकी सुविधाओं का योगदान रहता है।